पत्रांक :–......131......./पी०पी०ओ०

# पुलिस मुख्यालय

(बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय)

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक (वितंतु),
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 28.08.2020

**विषय :– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–05/2020–21/पी०पी०ओ० के प्रकाशन के संबंध में।**

महोदय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–05/2020–21/पी०पी०ओ० की प्रतियाँ भेजते हुये अनुरोध है कि इसे राज्य एवं राज्य के बाहर के प्रमुख सामाचार पत्रों में (अंग्रेजी एवं हिन्दी) के अगले दो संस्करणों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाये। साथ ही पी०आर०डी० वेबसाईट तथा बिहार पुलिस विभाग के वेबसाइट पर भी प्रसारित करने की कृपा की जाये।

अनु० :– यथोपरि।

विश्वासभाजन

28/8/2020

(कृष्ण मुरारी सिन्हा)
पुलिस अधीक्षक (वितंतु),
बिहार, पटना।

प्रतिलिपि :–

1. पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन), बिहार पटना को सूचनार्थ कृपया। संलग्न विज्ञापन सूचना को प्रकाशनार्थ संबंधित शाखा निदेशित करने की कृपा की जाये।
2. आई०टी० मैनेजर, पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार पटना को सूचनार्थ कृपया। कृपया संलग्न विज्ञापन सूचना को सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार पटना को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ भेजने तथा पुलिस विभाग के वेबसाईट bihar police.bih.nic.in पर भी प्रसारित किया जाये।

28/8/2020

पुलिस अधीक्षक (वितंतु),
बिहार, पटना।

## बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, बेली रोड, पटना

## अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 05/2020-21/पी0पी0ओ0

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नामः- | पुलिस महानिदेशक का कार्यालय,बिहार, पटना। |
| 2. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः- | पुलिस अधीक्षक (वितंतु), बिहार, पटना। बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन 'ई' ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नम्बर-612, बेली रोड, पटना। |
| 3. | निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समयः- | निविदा प्रकाशित होने की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक-10.09.2020 के 1500 बजे तक। |
| 4. | निविदा के तकनीकी भाग को खोलने की तिथिः- | दिनांक-10.09.2020 को 1600 बजे। |
| 5. | निविदा समर्पित करने का स्थानः- | पुलिस उपाधीक्षक(प्रशिक्षण) का कार्यालय, बिहार पुलिस रेडियो, टी0एक्स0 भवन, राजवंशी नगर, बेली रोड,पटना-23 |
| 6. | अनुमानित राशिः- | रू०-2500000/-(रूपये पच्चीस लाख) या उससे अधिक। |
| 7. | मद का नामः- | सुरक्षा उपकरणों यथा DFMD, DSMD , HHMD, Dragon Light/Commando Light, Charger आदि के मरम्मति में उपयोग हेतु आवश्यक पार्ट-पूर्जे । इस निविदा द्वारा जिन सामानों के दर आमंत्रित किये जा रहे है, उनकी विस्तृत सूची एवं तकनीकी विवरणी पुलिस उपाधीक्षक(प्रशिक्षण) कार्यालय, बिहार पुलिस रेडियो, टी0एक्स0 भवन राजवंशी नगर, बेली रोड,पटना-23 से निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है। |

## निविदा के नियम एवं शर्त

(1) इस मद में निविदाएँ सिर्फ बिहार मे स्थित उत्पादनरत इकाईयों या राज्य के बाहर उत्पादनरत् इकाईयों के स्थानीय कारपोरेट कार्यालय/स्थानीय कार्यालय/निर्माता कम्पनी के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर या अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकृत विक्रेता/एजेण्ट के द्वारा ही दी जायेगी लेकिन सफल निविदादाताओं को क्रयादेश से पहले बिहार राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण का प्रमाण पत्र देना होगा। अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर एवं अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकृत विक्रेता या एजेण्ट को क्रमशः उनके उत्पादनकर्ता फर्म एवं अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर का प्राधिकार पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।

(2) निविदाकर्ता को बिहार वित्त नियमावली के नियम-131ञ के आलोक में दो बोली प्रणाली के तहत् दो भागों में निविदा निम्नरूपेण देना होगा।

(क) **तकनीकी भागः-** जिसमें निम्न वर्णित वाणिज्यिक शर्तो एवं प्रतिबंधों के साथ नीचे कंडिका 3 में वर्णित सभी अभिलेख संलग्न रहेगा।

(ख) **वित्तीय भागः-** जिसमें तकनीकी भाग में शामिल की गयी सामानों की विवरणी का इकाईवार अलग-अलग मूल्य दर्शाया जायेगा।

(3) **निविदा के तकनीकी भाग में निम्नलिखित अभिलेख संलग्न होने चाहियेः-** (i) बिहार राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र (ii) पैन की छाया प्रति (iii) विगत तीन वित्तीय वर्षो यथा 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 का आयकर रिटर्न (iv) वार्षिक टर्न ओभर कम से कम रूपये 5000000/-(पचास लाख रूपये) का होना चाहिए एवं चार्जटेड एकाऊटेन्ट से वार्षिक ऑडिटेड लेखा-जोखा विगत तीन वित्तीय वर्षो का भी संलग्न होना चाहिए। (v) रूपये 25000/- (पचीस हजार रूपये) अग्रधन बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो पुलिस अधीक्षक(वितन्तु), बिहार, पटना के नाम pledged रहेगा। (vi) जिन मदों के लिए निविदा दी जा रही है उन मदों की सूची संलग्न होनी चाहिये। (vii) निविदा में भाग लेने वाले फर्म इस आशय का Affidavit जमा करेंगे कि उनका फर्म किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी/निजी संस्था द्वारा Black listed/Debarred नहीं किया गया है एवं Sister Concern द्वारा इस निविदा में भाग नहीं लिया जा रहा है। (viii) अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर को मात्र उत्पादनकर्ता फर्म का प्राधिकार पत्र एवं अधिकृत विक्रेता को अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर का प्राधिकार पत्र एवं उत्पादनकर्ता फर्म का डिस्ट्रीब्यूटर का प्राधिकार पत्र दोनो देना होगा।

निविदा के वित्तीय भाग में हीं फर्म द्वारा प्रस्तावित मद की तकनीकी विवरणी वाणिज्यिक शर्तो एवं प्रतिबंधों इत्यादि का स्पष्ट उल्लेख निविदाकर्ता द्वारा किया जायेगा। दरों की वैद्धता 31 मार्च 2021 तक होगी। निविदित मद के लिए दी जाने वाली गारण्टी अवधि का भी उल्लेख निश्चित रूप से होना चाहिए।

(4) वित्तीय भाग में, तकनीकी भाग में शामिल की गई मदों का ईकाईवार मूल्य निम्नलिखित ढंग से अंकित होगा - (क) प्रस्तावित मद का मूल्य प्रति इकाई (ख) देय जी0एस0टी0 (ग) दर एवं जी0एस0टी0 सहित नेट मूल्य प्रति इकाई अंकों एवं शब्दों में साफ-साफ टंकित रहना चाहिए। दरों में किसी प्रकार का कटिंग/ओभर राइटिंग मान्य नहीं होगा।

(5) तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अलग-अलग लिफाफों में सीलबंद होनी चाहिए एवं उनपर तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अंकित होनी चाहिए। दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर एवं सीलबंद कर इसपर निविदा एवं प्रकाशित निविदा की निविदा संख्या अंकित रहेगी। उसपर निविदाकर्ता अपना फर्म का नाम अंकित नहीं करेंगें। सीलबंद लिफाफा को उपरोक्त तिथि एवं समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित किया जायेगा।

(6) मदों की आपूर्ति बिहार पुलिस रेडियो, टी0एक्स0 भवन, बेली रोड, पटना में ली जायेगी। इसके लिए अलग से पैकिंग, Forwarding, Insurance अथवा भाड़ा देय नहीं है और न हीं अग्रिम भुगतान का कोई प्रावधान है।

(7) निविदा के तकनीकी भाग निर्धारित समय एवं तिथि को बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, पटना में खोला जायेगा। उक्त अवसर पर निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

(8) विपत्रों की भुगतान की कार्रवाई बिहार पुलिस रेडियो संगठन के तकनीकी दल के जाँचोपरान्त उनके प्रतिवेदन के बाद इस संगठन द्वारा मद को स्वीकार करने के बाद ही प्रारंभ की जायेगी।

(9) उपरोक्त किसी भी बांछित सूचना एवं अभिलेखों को शर्तो के अनुसार वित्तीय भाग एवं तकनीकी भाग में उपलब्ध नहीं कराये जाने पर निविदा बिना विचार किये तत्क्षण रद्द कर दिये जायेंगे। तकनीकी भाग में समर्पित अभिलेखों के आधार पर वैद्य पाये जाने वाले निविदाकर्ताओं की ही वित्तीय भाग खोली जायेगी और इस संबंध में विज्ञापनदाता का निर्णय ही सभी फर्मो के लिए बाध्यकारी होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।

(10) इस विज्ञापन सूचना को बिहार पुलिस विभाग के वेबसाईट bihar police.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें एवं वितन्तु, बिहार, पटना को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये एवं बिना किसी सूचना के किसी भी समय निविदा को रद्द कर दें अथवा निर्धारित मदों में आवश्यकतानुसार वर्णित संख्या को घटा दे या बढ़ा दें।

28/8/2020

पुलिस अधीक्षक(वितन्तु),
बिहार, पटना।

G:\SHORT Tender No.5-2020-21- 14-08-2020.docx